1995-96 के दौरान कोयले की कीमतो में कब-कब और कितनी-कितनी वृद्धि हुई, और

(ग) उपरोक्त वर्षो में प्रत्येक वर्ष के दौरान कोल इंडिया लि. को अपने वार्षिक लाभांश के रूप में कितने प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि प्राप्त हुई?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह) : (क) और (ख) सभी ग्रेड के कोयले की औसत कीमतें, जिसमें वर्ष 1993-94 से कोल इंडिया लि0 की खानों के उत्पादित नियंत्रित ग्रेड शामिल हैं और उक्त वर्ष से औसत प्रतिशत वृद्धि नीचे दी गई है:-

वर्ष	को0इ0लि0 की औसत कीमत (रूपए प्रति टन)	प्रतिशत वृद्धि
1993-94 (19.6.93)	381.00	--
1994-95 (17.6.94)	401.00	5.25%
1.4.96	469.02	16.96%
20.10.1996	498.54	6.2%

(ग) वर्ष 1993-94 तथा 1994-95 में लाभाशं के रूप में को.ई.लि. द्वारा कोई राशि प्राप्त नहीं की गई है । किन्तु वर्ष 1995-96 में नार्दर्न कोलफील्ड्स लि0 साउथ ईस्टर्न कोलफीस्ड्स लि0 तथा महानदी कोलफील्ड्स लि0 द्वारा क्रमशः 117.85 करोड रू0 112.10 करोड़ रू0 और 20 करोड़ रूपए की राशि का लाभांश घोषित किया गया है । किन्तु, इसे वर्ष 1996-97 में प्राप्त किया गया है।

भूमिगत खनन और सतही खानों में कोयले की उत्पादन-दर

1496. **श्री राम जेठमलानी** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भूमिगत खनन और सतही खानों में कोयले की उत्पादन दर में भारी अन्तर पाया जाता है;

(ख) यदि हां, तो भूमिगत खनन और सतही खनन की प्रति व्यक्ति और प्रति पाली उत्पादन दर क्या –क्या है;

(ग) क्या यह उत्पादन दर विश्व में आस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमरीका जैसे अन्य देंशों की उत्पादन दर की तुलना में बहुत कम हैं, और

(घ) यदि हां, तो इन देशों की प्रति व्यक्ति/प्रति पाली उत्पादन दर क्या-क्या हैं?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह) : (क) और (ख) जी, हां । वर्ष 1995-96 हेतु कोल इंडिया (को0इं0लि0) तथा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि0 (सि0को0संलि0) की भूमिगत तथा ओपनकास्ट खानों में प्रति व्यक्ति प्रतिपाली उत्पादकता के औसत आंकडे नीचे दिए गए हैं:-

(टन में)

	भूमिगत	ओपनकास्ट
को0इ0लि0	0.56	4.73
सिं0 को0कं0लि0	0.74	3.65

(ग) भारत में भूमिगत खानों की उत्पादकता, विश्व के अन्य मुख्य कोयला उत्पादक देशों, जैसे आस्ट्रेलिया तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में कम है, जिसका कारण, इन देशों की तुलना में भारतीय कोयला खानों में श्रमिकों के खनन क्रियाकलापों तथा यंत्रीकरण का निम्न स्तर है ।

(घ) वर्ष 1992 के उपलब्ध आंकडों के आधार पर, आस्ट्रेलिया तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की भूमिगत तथा ओपनकास्ट खानों की प्रति व्यक्ति प्रतिपाली उत्पादकता नीचे दी गई है:-

(टन में)

	भूमिगत	ओपनकास्ट
आस्ट्रेलिया	15.60	34.68
संयुक्त राज्य अमेरिका	18.00	40.20